प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

अनुराग ठाकुर

केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार ने हिमाचल को दस साल के कार्यकाल में स्वास्थ्य क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया है। एक प्रैस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेहतर सुशासन से हिमाचल के लोगों को प्रदेश में ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं और अब उन्हें अन्य राज्यों में स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए नहीं जाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में मेडिकल क्रांति आई है और आज देश के लगभग 60 करोड़ जरूरतमंदों के पास 5 लाख रूपए तक का स्वास्थ्य बीमा है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मार्च 2024 तक लगभग 33 करोड़ आयुष्मान भारत कार्ड बनाए जा चुके हैं। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में सांसद मोबाईल स्वास्थ्य सेवा से लगभग 10 लाख लोगों को ओपीडी की सुविधा मिली है।

मुकेश अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकेश अग्निहोत्री ने दावा किया है कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश की सभी चारों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने विपक्ष को घेरते हुए कहा कि भाजपा के हर षड़यंत्र को नाकाम किया जाएगा। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस की सरकार स्थिर है और सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर लोकसभा चुनाव के लिए फिल्ड में उतरने का आह्वान किया।

एनसीईआरटी

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद– एन.सी.ई.आर.टी ने कहा है कि विद्यालयों की पुस्तकें समय पर उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में एन.सी.ई.आर.टी की ओर से कहा गया है कि पहली, दूसरी, सातवीं, आठवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षाओं के लिए 33 लाख पुस्तकें छप चुकी हैं और उन्हें दुकानों पर भेज दिया गया है। परिषद ने कहा है कि तीसरी और छठी कक्षा के लिए नए पाठ्यक्रम की पुस्तकें इस महीने और अगले महीने प्रकाशित कर दी जाएंगी। यह भी कहा गया है चौथी, पांचवीं, नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा की किताबें इस महीने बाजार में आ जाएंगी। एन.सी.ई.आर.टी ने सभी छात्रों और अभिभावकों से धैर्य रखने और चिंतित न होने का अनुरोध किया है। बहुत से राज्यों में स्कूलों की किताबें उपलब्ध न होने की खबरों के बीच एन.सी.ई.आर.टी ने यह प्रतिक्रिया दी है।

कार्यशाला

शिमला में डिजिटल प्रौद्योगिकी व गवर्नेंस द्वारा कल ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स प्लेफॉर्म पर क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता सचिव डिजिटल प्रौद्योगिकी व गवर्नेंस डॉ. अभिषेक जैन ने की। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से प्रदेश में स्थानीय उत्पादों की अप्रयुक्त क्षमता पर बल देते हुए ई–कॉमर्स मंचों का उपयोग करने का आग्रह किया। ओएनडीसी की उपाध्यक्ष अदिति सिंघा ने कार्यशाला के दौरान इसकी कार्यप्रणाली, उद्देश्य व लाभ पर प्रकाश डालते हुए एक व्यावहारिक प्रस्तुति दी। डिजिटल प्रौद्योगिकी व गवर्नेंस के निदेशक डॉ. निपुण जिंदल ने कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डाला।

बिजली मांग

केंद्र सरकार गर्मियों में बिजली की मांग पूरी करने के लिए सभी आवश्यक उपाय कर रही है। बिजली व नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर. के सिंह ने इस संबंध में बैठकें कर गर्मियों में जीरो लोड शेडिंग यानी शून्य कटौती सुनिश्चित करने पर बल दिया। नई दिल्ली में एक बैठक में उन्होंने अधिकतम बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी ताप बिजली संयंत्रों की क्षमता स्थिति की समीक्षा की।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने सीपीएस मामले से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है सीपीएस की नियुक्तियों को चुनौती याचिका पर सुनवाई 22 से 24 तक। दैनिक भास्कर का शीर्षक है सीपीएस नियुक्ति मामले की सुनवाई 22 अप्रैल से रोजाना होगी–भाजपा विधायकों ने नियुक्ति को दी है चुनौती। दैनिक जागरण के शब्द हैं सीपीएस मामले पर 22 अप्रैल से नियमित सुनवाई।

बागी विधायकों ने फार्मा कंपनी के कैश पर की ऐश शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है पुलिस की जांच में खुलासा, दवा कंपनी ने भरा था पंचकूला के ललित होटल का लाखों का बिल।

पंजाब केसरी की एक खबर है चम्बा मेडिकल कॉलेज पर परिजनों ने लगाया बच्चा बदलने का आरोप।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हवाले से दैनिक सवेरा टाइम्स लिखता है हिमाचल को मोदी सरकार ने 10 सालों में बनाया स्वास्थ्य सेवाओं में आत्मनिर्भर जबकि आपका फैसला शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के हवाले से लिखता है उपलब्धियों को लेकर चुनाव में उतरेंगे।

विभागीय परीक्षाएं एक से 9 जुलाई तक, 4 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है विभागाध्यक्ष 15 मई तक इन्हें अनुमोदित करेंगे।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है समग्र शिक्षा विभाग को केंद्र से 9 सौ 66 करोड़ का बजट मंजूर–पिछले वित्तीय वर्ष का पूरा बजट खर्च करने पर मिला तोहफा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 30 अप्रैल से आ सकती हैं शिमला प्रवास पर संबंधी खबर भी अखबारों में प्रमुखता लिए हुए है।

मौसम पर अमर उजाला की सुर्खी है प्रदेश के आठ जिलों में आज और कल बारिश–बर्फबारी का येलो अलर्ट।